# अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 16 अप्रैल 2025


**PAGE NO :09 MIDDLE**

# मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल और जीआरएम क्वार्टर फाइनल में




मैन ऑफ द मैच अबू जफर खान को पुरस्कृत करते आयोजक। स्रोत : स्वयं

## श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स में हुए दो मुकाबले

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स में मंगलवार को मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल और जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह आयोजन एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से किया जा रहा है।

पहले मुकाबले में जीके मांटेसरी स्कूल के कप्तान यश शर्मा ने टॉस जीतकर मुकुंद इंटरनेशनल को बल्लेबाजी करने का मौका दिया। मुकुंद की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 127 रन बनाए। इसमें अबू जफर खान ने 21 गेंद में चार चौकों की मदद से 21 रन, लोकेश ने 19 गेंद पर दो चौके लगाकर 16 रन, वसीम खान ने 13 गेंद पर तीन चौके लगाकर 15 रन, रोहित राजपूत ने 13 रन, रोहित साहू ने 15 रन का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी जीके सिटी मांटेसरी की पूरी टीम 14 ओवर में 75 रन पर ही ऑलआउट हो गई और मुकुंद इंटरनेशनल ने 52 रन से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जीके मांटेसरी के तीन खिलाड़ियों को आउट करने के साथ 21 रन बनाने वाले मुकुंद इंटरनेशनल के अबू जफर को मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरे मुकाबले में सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट के कप्तान अमृत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पूरी टीम जीआरएम के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 12.2 ओवर में 88 रन ढेर हो गई।

इसमें शौर्य गुप्ता ने 31 गेंद पर पांच चौके की सहायता से 34 रन और आरुष सिंह ने 12 गेंद में तीन चौके की सहायता से 16 रन बनाए। जीआरएम के मृदुल रावत और दीपक अरोरा ने तीन-तीन विकेट, शिव आनंद ने दो विकेट लिए।

जीआरएम की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सेंट फ्रांसिस को दो विकेट से हरा दिया। जीआरएमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए तीन विकेट और 12 रन बनाने वाले मृदुल रावत को मैन ऑफ द मैच चुने गए।